## प्रेस नोट    पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद    दिनांक 04.09.23

## थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद

दिनांक 03.09.2023 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 वाहन चोर अभियुक्त जाकिर पुत्र नबाब निवासी बंगाली मस्जिद के पास विजय नगर नसबन्दी कालोनी थाना अंकुर विहार गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैने यह मोटर साईकिल मजनू का टीला दिल्ली से चोरी की थी। चोरी की मोटर साइकिल को सस्ते दामों में बेच देता है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

जाकिर पुत्र नबाब निवासी बंगाली मस्जिद के पास विजय नगर नसबन्दी कालोनी थाना अंकुर विहार गाजियाबाद

**बरामदगी का विवरण**

- चोरी की मोटर साईकिल स्पलेन्डर प्लस (सम्बन्धित थाना ई पुलिस स्टेशन MV THEFT क्राइम ब्राच दिल्ली)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
थाना अंकुर विहार पुलिस टीम।

## थाना लोनी पुलिस द्वारा फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने संबंधी इलैक्ट्रानिक उपकरण , 01 लैपटाप , 14 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व 5 फर्जी आधार कार्ड बरामद।

दिनांक 04.09.2023 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले 02 अभियुक्तगण 1.मुनेश चंद पुत्र शिव कुमार उर्फ दीपक निवासी म0 न0 448 छोटा बाजार डाक खाने वाली गली शहादरा, 2.राशिद पुत्र शहीद निवासी नियर रजा मस्जिद पूर्वी मुस्तफाबाद लोनी देहात लोनी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 14 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, 05 फर्जी आधार कार्ड व फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने मे प्रयुक्त इलैक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए। अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग अवैध तरीके से अच्छा मुनाफा कमाने के लिये फर्जी आधार कार्ड व फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाते है। ये जो आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र आपको मिले है वह हम दोनो के द्वारा इन्ही लेपटाप, फिंगर प्रिट डिवाईस व अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरण के माध्यम से तैयार किये गये है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

1.मुनेश चंद पुत्र शिव कुमार उर्फ दीपक निवासी म0 न0 448 छोटा बाजार डाक खाने वाली गली शहादरा उम्र 35 बर्ष।

2.राशिद पुत्र शहीद निवासी नियर रजा मस्जिद पूर्वी मुस्तफाबाद लोनी देहात लोनी गाजियाबाद उम्र 28 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण:-**

- 14 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र,
- 05 फर्जी आधार कार्ड,
- फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने के उपकरण- लेपटाप, फिंगर प्रिंट डिवाईस, कैमरा, जीपीएस रिसीवर, प्रिंटर आदि,

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना लोनी पुलिस टीम।

**कुख्यात भूमाफिया महबूब अली पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद की कुल रू0 91 करोड़ की अचल सम्पत्ति गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कुक**

ट्रोनिका सिटी के अन्तर्गत पावी सादकपुर के रहने वाले महबूब अली जिसके विरूद्ध वर्ष 2008 से अगस्त 2023 के बीच धोखाधड़ी, मारपीट, अपहरण, जमीन पर कब्जा करने, गुण्डा एवं गैंगस्टर अधिनियम के **कुल 20 अभियोग** पंजीकृत हैं **(संलग्नक–1)**, के विरूद्ध दिनांक 15.08.2023 को ट्रोनिका सिटी थाने पर पंजीकृत गैंगस्टर अधिनियम की प्रथम सूचना रिपोर्ट के क्रम में पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा उक्त भूमाफिया की **कुल 09 अचल** सम्पत्तियों **(संलग्नक–2)** जिनका वर्तमान बाजार **मूल्य लगभग रू0 91 करोड़ है,** को गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए कुर्क किये जाने का आदेश आज दिनांक 04.09.2023 को निर्गत किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008 में आरोपी के विरूद्ध प्रथम रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से अब तक लगातार आपराधिक कृत्य किये गये हैं जिसमें मुख्यतः धोखाधड़ी करके जमीनों की खरीद–फरोख्त करना एवं खाली पड़ी जमीनों पर अवैध कब्जा करना जैसे अभियोग बार–बार कारित किये गये हैं। गैंगलीडर महबूब अली वर्तमान में थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद का हिस्ट्रीशीटर है, जिसका एच0एस0 संख्या 16ए प्रचलित है। अभियुक्त ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में अपने तीन अलग–अलग बहुमंजिला मकानों में तीन अलग–अलग पत्नियों के साथ रहता है तथा इसके परिवार में इसके एवं इसकी पत्नियों के अतिरिक्त 12 पुत्र/पुत्रियां हैं।

3. अभियुक्त की जिन सम्पत्तियों को जब्त किया गया है वो मुख्यतः वो सम्पत्तियां हैं जो मूलतः कृषि अथवा आबादी की जमीने थीं तथा जिसका अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी करके छोटे–छोटे आवासीय प्लॉटों में बेचने का कार्य किया जाता है। कुर्क की गई इन अचल सम्पत्तियों में से 02 सम्पत्तियां जनपद बदायूं,

03 सम्पत्तियां जनपद रामपुर, 03 सम्पत्तियां गाजियाबाद महानगर एवं 01 सम्पत्ति जनपद मुरादाबाद में हैं एवं इन समस्त सम्पत्तियों का वर्तमान में आवासीय/व्यावसायिक प्रयोग हो रहा है।

4. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में इससे पूर्व कुल 06 मामलों में 86 करोड़ रू0 की सम्पत्तियां जब्त की गई थीं तथा महबूब अली की आज जब्त सम्पत्तियों के बाद यह धनराशि **रू0 एक सौ सतहत्तर करोड़, छप्पन लाख (1,77,56,69,486)** हो गयी है। इसके विपरीत वर्ष **2022 में कुल 30 मामलों में 33 करोड़ 80 लाख रू0 की** सम्पत्ति कुर्क की गयी थीं।

## अभियुक्त महबूब अली का आपराधिक इतिहासः (संलग्नक–1)

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 101/2008 | 406,420,448,504,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 2 | 301/2008 | 342,354,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 3 | 1074/2008 | 363,366,376,323,504,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 4 | 1758ए/2008 | 406,420 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 5 | 1758बी/2008 | 406,420,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 6 | 1760/2008 | 406,420,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 7 | 1761/2008 | 406,420,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 8 | 1766/2008 | 406,420,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 9 | 1767/2008 | 406,420,506 भादवि | लोनी | गाजियाबाद |
| 10 | 128/2009 | 2/3 गैंगस्टर अधि0 | लोनी | गाजियाबाद |
| 11 | 2218/2009 | 41/102 सीआरपीसी, 411 414 भादवि | सिविल लाईन | रामपुर |
| 12 | 2219/2009 | 25 आर्म्स एक्ट | सिविल लाईन | रामपुर |
| 13 | 726/2010 | 420,467,468,471,506 भादवि | सिविल लाईन | रामपुर |
| 14 | 1410/2016 | 447,448,354,504,506 भादवि | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 15 | 363/2017 | 420,467,468,471,504,506 भादवि | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 16 | 206/2018 | 10 यू0पी0 गुण्डा अधि0 | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 17 | 360/2023 | 447 भादवि व 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान नि0 अधि0 | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 18 | 369/2023 | 504,506 भादवि 3(1) द एससी/एसटी एक्ट | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 19 | 370/2023 | 504,506 भादवि | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |
| 20 | 459/2023 | 323,504,506 भादवि | ट्रोनिका सिटी | गाजियाबाद |

## अचल सम्पत्ति (संलग्नक–2)

| क्र0 स0 | सम्पत्ति का स्वामी | तहसील | खसरा न0 | क्षेत्रफल | अनुमानित बाजार कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महबूब अली पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मकान नम्बर– 64 फ्रेन्डस कालोनी, सीवी लाईन रामपुर हाल निवासी 26 पावी सादकपुर तहसील | तहसील दातागंज जनपद बदायूं स्थित ग्राम सूरजपुर पुस्ता परगना सलेमपुर | भूमि सं0 189 | 1.028 हैक्टेयर का 1/2 भाग | रू0 35 करोड़ |
| | | | गाटा सं0 105 | 0.148 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 02मि0 | 0.500 हैक्टेयर | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | लोनी जिला गाजियाबाद | | गाटा सं0 171, गाटा सं0 87, गाटा सं0 131 | कुल रकबा 0.303 हैक्टेयर में से 1/2 भाग | |
| | | | गाटा सं0 73, | 0.013 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 72, | 0.013 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 71, | 0.013 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 66 | 0.101 हैक्टेयर का 3/4 भाग | |
| | | | गाटा सं0– 239, स्थित ग्राम सूरजपुर पुस्ता परगना सलेमपुर | 0.247 हैक्टेयर | |
| 2 | महबूब अली पुत्र नूर मौहम्मद नि0 म0न0 64 फ्रेन्डस कालोनी, सिविल लाईन जिला रामपुर वर्तमान निवासी ग्राम पावी सादिकपुर परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद | तहसील दातागंज जनपद बदायूँ स्थित ग्राम सूरजपुर खाम परगना सलेमपुर | खाता न0 10, खसरा न0 2घ | 1.710 हैक्टेयर | रु0 03 करोड़ |
| | | | खाता न0 58, खसरा न0 14ट | 1.1100 हैक्टेयर के 1/2 भाग | |
| | | | खाता न0 12, खसरा न0 2झ | 0.5400 हैक्टेयर | |
| | | | खाता नं0 11 के खसरा नं0 2च, स्थित ग्राम सूरजपुर खाम परगना सलेमपुर | 0.1400 हैक्टेयर | |
| 3 | महबूब अली पुत्र नूर मौहम्मद नि0 62 कविता कालोनी नागलोई दिल्ली | तहसील बिलारी जनपद मुरादाबाद स्थित ग्राम डींगरपुर परगना कुन्दरकी | खाता नं0 043, खसरा नं0 281क | 0.0160 हैक्टेयर, | रु0 02 करोड़ |
| | | | खाता न0 43, खसरा नं0 283क स्थित ग्राम डींगरपुर परगना कुन्दरकी | 0.9790 हैक्टेयर | |
| 4 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद (यह भूमि NZA की होने के कारण महबूब अली के नाम पर नही है परन्तु काबिज है) | तहसील सदर जनपद रामपुर | गाटा सं0 582/2 ग्राम पनवड़िया तहसील सदर जनपद रामपुर थाना सिविल लाइंस क्षेत्र मे जिसमें 04 दुकानें व 01 मोबाईल टॉवर है। | 0.0126 हैक्टेयर का 1/2 भाग | रु0 05 करोड़ |
| 5 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद | तहसील शाहबाद जनपद रामपुर स्थित ग्राम महेबा तहसील शाहबाद रामपुर | खाता सं0 282, गाटा सं0 112अ, | 0.5800 हैक्टेयर | रु0 5 करोड़ |
| | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद | | खाता सं0 283 गाटा सं0 83 | 0.5100 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 75ग | 0.0400 हैक्टेयर | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सह खाता दार इमराना पत्नी गफ्फूर (राजस्व रिपोर्ट के अनुसार उक्त भूमि महबूब उपरोक्त जोतता व काबिज है। | | गाटा सं0 74 | 0.0500 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 91क | 0.2000 हैक्टेयर | |
| | | | खाता सं0 304 गाटा सं0 67 | 0.4600 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 91छ | 0.0400 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 111अ/18 | 0.400 हैक्टेयर | |
| | | | गाटा सं0 112णो स्थित ग्राम महेबा तहसील शाहबाद रामपुर | 0.0900 हैक्टेयर | |
| 6 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम सादाबाद डूंगरावली दौलतनगर शिव मन्दिर के सामने में | तहसील लोनी | ग्राम सादाबाद,डूंगरावली दौलत नगर, शिव मन्दिर के सामने | 300 वर्ग गज मकान दो मंजिला बना हुआ | रु0 08 करोड़ |
| 7 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद में | तहसील लोनी | ग्राम पावी सादिकपुर | 300 वर्ग गज मकान तीन मंजिला बना हुआ व इस मकान में बेसमेन्ट भी है। | रु0 07 करोड़ |
| 8 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 ग्राम पावी सादिकपुर पूजा कालोनी जीवन गेट के अन्दर | तहसील लोनी | ग्राम पावी सादिकपुर पूजा कालोनी, जीवन गेट के अन्दर। | 360 वर्ग गज के बने हुए मकान में प्रथम तल पर 14 दुकानें व द्वितीय तल पर 12 कमरे बने हैं | रु0 11 करोड़ |
| 9 | महबूब पुत्र नूर मोहम्मद नि0 म0न0 64 फैन्डस कालोनी सिविल लाईन जनपद रामपुर | तहसील सदर रामपुर | आवासीय कोठी ग्राम सईदनगर हरदोई पट्टी तहसील सदर में सिविल लाइंस के पीछे फ्रेन्डस कालोनी में पुराने रोडवेज के पीछे (राम रहीम बिल्डिंग) रामपुर | 500 वर्ग गज | रु0 15 करोड़ |